**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**

दिनांक : **08.12.2025** समय : **07.10AM**

**मुख्य समाचार :-**

- **यूनेस्को के अंतर-सरकारी समिति का 20वाँ सत्र आज नई दिल्ली के लाल किले में शुरू होगा।**
- **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज से खजुराहो में सरकार का दो दिवसीय मंथन शुरू।**
- **राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर आज लोकसभा में विशेष चर्चा आयोजित।**
- **अंतर्राष्ट्रीय शूटर ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल-2025 के राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीता।**
- **प्रदेश में एक बार फिर लौटी कड़ाके की ठंड, राजधानी भोपाल समेत कई जिलों में शीतलहर का असर।**

**यूनेस्को सत्र-प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत के लिए विरासत कभी भी केवल अतीत के प्रति मोह नहीं रही, बल्कि यह ज्ञान और समुदाय की एक निरंतर जीवंत धारा का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने यह बात कल नई दिल्ली में अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए यूनेस्को की अंतर-सरकारी समिति के 20वें सत्र के उद्घाटन के अवसर पर अपने संदेश में कही। यूनेस्को की अंतर-सरकारी समिति का 20वां सत्र आज नई दिल्ली के लाल किले में शुरू हो रहा है। इस सत्र की अध्यक्षता यूनेस्को में भारत के राजदूत और स्थायी प्रतिनिधि विशाल वी. शर्मा कर रहे हैं। भारत ने इस वर्ष यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल करने के लिए प्रकाश, भाईचारे, करुणा और सामूहिक उत्सव के प्रतीक त्योहार दिवाली को नामांकित किया है।

**बठिक-खजुराहो-मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज से खजुराहो में सरकार का दो दिवसीय मंथन शुरू हो होगा। "विरासत की गोद में विकास का विज़न" और "बुंदेलखंड के विकास को लगेंगे पंख" थीम के तहत मुख्यमंत्री सहित पूरा मंत्रिमंडल खजुराहो में मौजूद रहेगा। आज विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएँगी , जिनमें खाद्य नागरिक आपूर्ति, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, एमएसएमई, राजस्व, नगरीय विकास, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, जनजातीय कार्य, अनुसूचित जाति कल्याण और खनिज विभाग शामिल हैं। कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक होगी, जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। इसी दिन छतरपुर जिले के राजनगर में सती की मढ़िया पर आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन में मुख्यमंत्री प्रदेश की 1 करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में दिसंबर माह की राशि अंतरित करेंगे।

**नक्सली-बालाघाट**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में कल बालाघाट जिले में "पुनर्वास से पुनर्जीवन" कार्यक्रम के तहत चार महिलाओं सहित 10 इनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। मुख्यमंत्री ने इसे नक्सलवाद पर मजबूत प्रहार बताते हुए कहा है कि यह पहल सुशासन की शक्ति, कानून व्यवस्था की दृढ़ता और विकास में विश्वास का सुफल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यधारा से जुड़ने के इच्छुक नक्सलियों को सुरक्षित पुनर्वास का अवसर प्रदान कर रही है।

**रजत पदक बधाई-मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खरगोन निवासी अंतरराष्ट्रीय शूटर ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर को दोहा, कतर में आयोजित आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल-2025 में रजत पदक जीतने पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन पुरुष स्पर्धा में पदक जीतकर ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने मध्यप्रदेश और देश का नाम रोशन किया है।

**वंदे मातरम-चर्चा**

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर आज लोकसभा में विशेष चर्चा शुरू होगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा में इस चर्चा की शुरुआत करेंगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पूरे दिन की चर्चा दोपहर 12 बजे शुरू होगी।

**एसआईआर**

प्रदेश में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का काम तेज़ी से जारी है। रायसेन जिले में अब तक 99 दशमलव 36 प्रतिशत से अधिक गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस कार्य में लगे सभी शासकीय सेवकों, बीएलओ और सहयोगी नागरिकों की सराहना की है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर ने बताया कि शेष गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

**अच्छी खबर-मंडला**

प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान से भू-जल स्तर में सुधार आया है। कुओं, नलकूपों का जलस्तर बढा है। मंडला जिले की निवासी दसौंदीबाई का कहना है कि जल संरक्षण की इस पहल ने न केवल मिट्टी की किस्मत बदली, बल्कि हमारे परिवार की खुशियों को भी नई राह दी है।

**तानसेन समारोह**

संगीत नगरी ग्वालियर में विश्व-स्तरीय संगीत समागम तानसेन समारोह का आयोजन 15 से 19 दिसंबर तक किया जाएगा। संगीत-शिरोमणि तानसेन की स्मृति में आयोजित यह प्रतिष्ठित समारोह इस वर्ष अपने 101वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है।

**इंडिगो उड़ाने**

नागर विमानन मंत्रालय ने बताया है कि इंडिगो की उड़ानों में आई दिक्कतों के बाद हवाई सेवाएं अब तेजी से सामान्य हो रही हैं। देश की बाकी सभी घरेलू एयरलाइंस पूरी तरह से सही तरीके से उड़ानें चला रही हैं। इंडिगो की स्थिति में भी लगातार सुधार हो रहा है। यात्रियों से ज्यादा किराया वसूला न जाए, इसके लिए मंत्रालय ने हवाई टिकट के दाम पर तुरंत सीमा लगा दी है।

**मौसम**

प्रदेशभर में कड़ाके की ठंड एक बार फिर लौट आई है। शनिवार से प्रदेश की राजधानी भोपाल समेत आसपास के कई जिलों में शीतलहर का असर देखा जा रहा है। शहडोल और प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में ठंड सबसे ज्यादा है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए भोपाल और शाजापुर जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है।

**समाचार संक्षेप**

ऽ आगरमालवा जिले के पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय सुसनेर में 4 से 11 दिसंबर तक मनाये जा रहे भारतीय भाषा उत्सव के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियां की जा रही है।

ऽ कटनी में खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के सांसद विष्णु दत्त शर्मा द्वारा आयोतिज खेल महोत्सव में प्रतियोगिताओं के लिए युवा खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया गया है।

ऽ खंडवा में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित "विशेष गहन पुनरीक्षण" कार्य में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने दो बीएलओ को निलंबित कर दिया है।

ऽ डिण्डौरी में गोंडी पेंटिंग के प्रोत्साहन और प्रचार प्रसार हेतु अभिनव पहल की गयी है। जिसमें शासकीय भवनों पर गोंडी पेंटिंग कराई जा रही है।

-------